तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 पिथौरा में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



18 शहर में स्वतंत्रता दिवस पर विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन



खबर संक्षेप

दो दिन बंद रहेगा बाजार

महासमुंद। बाजार के आगामी दो दिनों तक बंद रहने की सूचना के चलते शुक्रवार को लोग आवश्यक सामानों की खरीददारी में जुटे रहे। बता दें कि 15 और 16 अगस्त को मार्केट बंद रहने की जानकारी मिली है। इसके चलते सब्जी मार्केट में काफी भीड़ देखी गई।

मारपीट के मामले में 9 लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम गढ़गांव स्वरूपपुर तालाब के पास मारपीट के मामले में 9 आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम गढ़गांव के पुरुषोत्तम बरिहा पिता मंगल यादव (21 वर्ष) ने 11 अगस्त को आरोपी महेश यादव, युधिष्ठिर यादव, सुनील (छोटू), सत्यम यादव, निर्मल यादव, वरूण यादव, रेवाशंकर यादव, उत्तरा कुमार, राजेंद्र यादव के विरूद्ध मारपीट किए जाने का मामला बसना थाने में दर्ज कराया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 190 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

पुराने विवाद को लेकर मारपीट

महासमुंद। पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को युधिष्ठिर यादव पिता महेश राम यादव (30 वर्ष) ग्राम गढगांव ने बताया कि 11 अगस्त को उसके साथ स्वरूपपुर तालाब के पास आरोपी पुरूषोत्तम बरिहा, सन्नी यादव व अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जमीन बंटवारा को लेकर पिता के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम लाटादादर में जमीन बंटवारे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने पिता के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम लाटादादर के सुंदरलाल बरिहा पिता उदेराम बरिहा (60 साल) के साथ 13 अगस्त की रात करीब 10 बजे उसके बड़े लड़के सूरज बरिहा ने जमीन का हिस्सा मांगते हुए गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ओजस एग्रो केमिकल एवं जेनिथ एग्रीजोन बिरकोनी का औचक निरीक्षण

अनियमितताओं पर कार्रवाई, 20 दिन के लिए विक्रय पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य एवं जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने गुरुवार को जिले के बिरकोनी इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित कीटनाशी विनिर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेनिथ एग्रीजोन प्रा.लि., बिरकोनी एवं ओजस एग्रो केमिकल, बिरकोनी में विभिन्न अनियमितताएं एवं कमियां प्रथम दृष्टया पाई गईं। उप संचालक एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में निरीक्षण दल द्वारा जेनिथ एग्रीजोन प्रा.लि., बिरकोनी के निरीक्षण के दौरान स्टॉक संधारण में विसंगति पाई गई। वहीं क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी अक्रियाशील मिली। खरीदी एवं अवसान तिथि तथा निर्मित उत्पादों की पृथक पहचान और व्यवस्थित भंडारण के लिए भी समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस एवं अभिलेखों में दर्ज उत्पादों से भिन्न जैव उत्प्रेरक का उत्पादन किया जाना पाया गया। इसके अलावा एनपीके 19:19:19, एमएपी 12:61:00 एवं पोटेशियम नाइट्रेट 13:00:45 के भंडारण तथा बैचवार उत्पादों की खरीदी एवं गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति भी सामने आई। गुणवत्ता परीक्षण के लिए छह विनिर्मित कीटनाशी उत्पादों तथा तीनों उर्वरक उत्पादों के नमूने लिए गए। इन विसंगतियों के संबंध में संबंधित संस्था को एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया गया है तथा 20 दिवस के लिए विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

टीम में थे ये अधिकारी

संचालक कृषि, रायपुर एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इस राज्य स्तरीय दल में डॉ. सुमित सोरी, सहायक संचालक कृषि एवं रितेश मोटघरे, सहायक संचालक कृषि तथा जिला स्तरीय दल से डॉ. परमजीत सिंह कंवर, सहायक संचालक कृषि, उमेश चंद्राकर, कृषि विकास अधिकारी, ओमप्रकाश चंद्राकर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, भांकरदास मानिकपुरी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं अवध चंद्राकर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल रहे।



मेसर्स कश्यप ऑर्गेनिक का औचक निरीक्षण, अनियमितता मिलने पर सुधार नोटिस जारी

महासमुंद। जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की सतत जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को टीम टीम ने मेसर्स कश्यप ऑर्गेनिक, सिंघनपुर, बसना का औचक निरीक्षण एवं जांच किया। इस दौरान परिसर में खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनियमितताएं पाए जाने पर फर्म को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया है। साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए पनीर एवं दही के प्रवर्तन नमूने संकलित किए गए हैं।

उत्साह :जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, युवा और बच्चों ने लगाई दौड़

स्वतंत्रता एवं तिरंगा दौड़ में उमड़े लोग, देशभक्ति का दिखा जज्बा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को सुबह 8 बजे जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मिनी स्टेडियम महासमुंद से स्वतंत्रता एवं तिरंगा दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में देशभक्ति का उत्साह देखते ही बना।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हाथों में तिरंगा लहराकर किया। तिरंगा दौड़ में स्कूली बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, खेल संघों, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, एनएसएस, रेडक्रॉस, पुलिस बल, वन विभाग तथा मीडिया प्रतिनिधियों सहित 900 से अधिक प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई। तिरंगा दौड़ मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सतबहनिया चौक, गांधी चौक और नेहरू चौक होते हुए पुनः मिनी स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है। तिरंगा दौड़ का आयोजन नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी से देश की प्रगति और विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा दौड़ में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से देशहित में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित यह तिरंगा दौड़ पूरे जिले में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। तिरंगा दौड़ के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, एकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश पहुंचता है। उन्होंने कहा कि जिलेवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से यह आयोजन सफल और यादगार बना है। कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले विभागों और संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, पार्षद पीयूष साहू, राहुल आवड़े, महेंद्र सिक्का, आनंद साहू, राहुल चंद्राकर, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर रवि साहू, डीएमसी रेखराज शर्मा, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री बघेल आज करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित 80 वें स्वतंत्रता दिवस 2026 के मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे तथा 9:10 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे। सुबह 9.15 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर एवं मार्च पास्ट होगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि बघेल 9:30 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद सुबह 9.40 बजे पीटी प्रदर्शन एवं सुबह 9:50 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी तथा सुबह 10:30 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सुबह 10:45 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

शराब बिक्री के मामले में अदालत का सख्त फैसला

50 हजार जुर्माने के साथ 2 साल की सजा

महासमुंद। किराना दुकान की आड़ में शराब बेचने के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दो साल कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस द्वारा मौके से बड़ी मात्रा में शराब जब्त करने, साक्ष्य जुटाने और समय पर चालान पेश करने से सामने आया यह फैसला से भविष्य ऐसा कृत्य करने वालों के लिए सबक साबित होगा। मामला 12 अप्रैल 2026 का है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अवलाचक्का में रति राम सिदार की किराना दुकान से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी सरायपाली की टीम ने नियमानुसार गवाहों को अवगत कराया और बताए गए स्थान पर छापामारी की कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर आरोपी के कब्जे से 167 पाव अंग्रेजी शराब बरामद कर जब्त की। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। नियमानुसार जब्त शराब का आबकारी परीक्षण कराया गया और निर्धारित समयावधि में चालान जेएमएफसी वैभव घृतलारे के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस द्वारा संकलित पुख्ता साक्ष्यों और प्रभावी न्यायालयीन प्रस्तुतिकरण के आधार पर आरोपी रतिराम सिदार को दोषी पाया गया। न्यायालय ने उसे दो वर्ष की सजा एवं 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

शराब का अवैध परिवहन, युवक पर कार्रवाई

महासमुंद। शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक युवक के खिलाफ कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घोडारी शराब दुकान से एक व्यक्ति के काफी मात्रा में शराब परिवहन करने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद पुलिस ने बाइक से आ रहे आरोपी को रोका, जिसने पूछताछमें अपना नाम इकबाल खान उर्फ राजा पिता युसुफ खान (28 साल) निवासी वार्ड नं 03 स्टेशनपारा बेलसोंडा होना बताया। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 3500 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

कांग्रेसियों ने भाजपा की जातिवादी मानसिकता के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

खड़गे के अपमान के खिलाफ निकाला सत्याग्रह मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई जातिगत भेदभाव की घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा देशव्यापी आह्वान पर उग्र विरोध प्रदर्शन और सत्याग्रह मार्च किया गया।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने रखा निंदा प्रस्ताव

जिला कांग्रेस कार्यालय कांग्रेस भवन में आयोजित विशेष बैठक में संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा हल्द्वानी की घटना के खिलाफ एक औपचारिक निंदा प्रस्ताव लाया गया। इस प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद रामलीला मैदान का गंगाजल से 'शुद्धिकरण' करना न सिर्फ एक व्यक्ति का, बल्कि पूरे देश के दलित समाज और बाबा साहब के संविधान का घोर अपमान है। बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में इस निंदा प्रस्ताव का पुरजोर समर्थन किया।

कांग्रेस भवन से अंबेडकर चौक तक की सत्याग्रह पदयात्रा

निंदा प्रस्ताव पारित होने के तुरंत बाद महासमुंद जिला कांग्रेस के नेतृत्व में सभी नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से 'सत्याग्रह पदयात्रा' के रूप में सड़क पर उतरे। सत्याग्रह मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व उत्तराखंड की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह पदयात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय अंबेडकर चौक पहुंची।

अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण और संकल्प

अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर कांग्रेसियों ने भाजपा की जातिवादी मानसिकता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

इसके पश्चात, विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित उपस्थित सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। नेताओं ने संकल्प लिया कि वे देश के संविधान और सामाजिक समरसता पर होने वाले किसी भी प्रहार को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस मनुवादी सोच के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

प्रदर्शन में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित

इस सत्याग्रह मार्च और विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पीसीसी संयुक्त महामंत्री अशोक राज आहूजा, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, विधायक चातुरी नंद, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला प्रभारी महामंत्री हरदेव ढिल्लो, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

गांव के चारागाह की जमीन पर रिसॉर्ट बनाने की तैयारी, कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांव की चारागाह जमीन पर रिसॉर्ट और औद्योगिक ईकाई स्थापित किए जाने के लिए होने वाले आबंटन को लेकर सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी चारागाह मद में दर्ज है। यह भूमि पीढ़ियों से गांव के 125 मवेशियों के चराई और निस्तार का एकमात्र साधन रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी भूमि में से 2.40 हेक्टेयर को रिसार्ट निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को तथा शेष 14.17



निस्तारी भूमि को रिसार्ट और औद्योगिक उपयोग के लिए आवंटित किया जा रहा है, जिससे गांव के पशुपालन और आजीविका पर सीधा संकट आ जाएगा। मामला विकासखंड के ग्राम कोकड़ी का है।

कोकड़ी के ग्रामीण शुक्रवार को जिला कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांव की चारागाह भूमि को सुरक्षित रखने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कोकड़ी, ग्राम पंचायत खट्टा, रा.नि.मं. पटेवा, उपतहसील पटेवा में स्थित खसरा नंबर 162, 163, 164 और 289 कुल 20.71 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में घास हेक्टेयर को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को आवंटित करने का प्रस्ताव है। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव क्रमांक 01 दिनांक 01.01.2025 के माध्यम से इस आवंटन पर आपत्ति दर्ज कराई थी, इसके बावजूद आदेश जारी किया गया। ग्रामीणों ने मांग की कि खसरा नंबर 164 की 11.22 हेक्टेयर सहित विवादित भूमि का आवंटन आदेश तत्काल निरस्त किया जाए और इस भूमि को चारागाह के रूप में सुरक्षित घोषित किया जाए। इस अवसर पर ओमप्रकाश, कन्हैया लाल, हेमंत पटेल, शिवचरण, लक्ष्मीलाल, प्रमोद, मोहित, महेश्वर, पवन, सुखराम, सोमन, नामदेव, पप्पू यादव, संतु राम, कामता, गीतकुमार, हरिराम, विष्णु पटेल, झाड़ राम बांधे, गणेश राम, टारजन, निरंजन, रेखा, यशवंत, शकुंतला, यशवंत, गायत्री, सरिता, चांदनी पटेल, कुलेश्वरी, ईश्वरी, शांति, प्रेमिन, मंजू, दुर्गा पटेल, गौरी बाई, कृष्णा है, फूलमत, कुमारी यादव, विद्यावती यादव, देवकी, ललिता, महेश्वरी आदि उपस्थित थे।

ग्रामीणों के अधिकारों का हो रहा हननः विनोद

मामले को लेकर पूर्व विधायक चंद्राकर ने कहा कि बिना ग्रामीणों की सहमति के उनकी जमीन का अधिग्रहण करना अन्याय है। उन्होंने कहा कि गांव में पहले से ही चारागाह के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को बड़े उद्योगपतियों को बेचने में लगी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 के तहत किसी भी गांव की कुल कृषि भूमि के 2 प्रतिशत से अधिक भूमि को अन्य प्रयोजन के लिए नहीं दिया जा सकता। बावजूद इसके प्रशासन नियमों को दरकिनार कर यह आवंटन किया जाना सीधे-सीधे ग्रामीणों के अधिकारों पर हमला है।

आओ झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आया,
खुशनसीब हैं वो लोग, जिनका लहू देश के काम आया।

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई



बबलू हरपाल
पूर्व सभापति
नगर पालिका परिषद
महासमुंद

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



मानिक साहू
जिलाध्यक्ष
किसान कांग्रेस महासमुन्द

सौरभ चन्द्राकर (हनी)
कोषाध्यक्ष
किसान कांग्रेस महासमुन्द

विष्णु साहू
जनपद सदस्य
जनपद पंचायत महासमुन्द



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त
देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....



खल्लारी विधानसभा के
यशस्वी विधायक माननीय...
द्वारिकाधीश
यादव जी
को 15 अगस्त जन्मदिवस की
अनंत शुभकामनाएं एवं
हार्दिक बधाई...



मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद

डॉ रश्मि चंद्राकर
पूर्व जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद



मा.द्वारिकाधीश यादव
जिलाध्यक्ष एवं विधायक, खल्लारी
को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई
श्री लक्ष्मण पटेल



स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं





को जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद का प्रभारी महामंत्री
बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मान. द्वारिकाधीश यादव जी
जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक

श्री लक्ष्मण पटेल जी
प्रभारी महामंत्री, जिला कांग्रेस महासमुंद



संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)



रत्नेश सोनी
ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद
(99811-31365)



आशीष साहू
मां शारदा न्यूज एजेंसी हरिभूमि
(94252-04260)



राहुल सोनी
(विज्ञापन प्रभारी)
89596-85192



दुर्योधन एवं साहू
(डिजाइनिंग)
96176-56070







संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)
रत्नेश सोनी
ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद
(99811-31365)
आशीष साहू
मां शारदा न्यूज एजेंसी हरिभूमि
(94252-04260)
राहुल सोनी
(विज्ञापन प्रभारी)
89596-85192
दुर्गेश एक साइमे
(डिजाइनिंग)
96176-56070

खबर संक्षेप

सतनामी समाज का शपथ ग्रहण 16 को

महासमुंद। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं 10 वीं, 12 वीं तथा प्रयास, नवोदय, श्रेष्ठा विद्यालय में चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिला स्तरीय सम्मान समारोह 16 अगस्त रविवार को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन महासमुंद में समय 12 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं अहिरवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा. करेंगे तथा अध्यक्षता एलएल कोशले प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर व भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू होंगे। विशिष्ट अतिथियों में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लाल जांगड़े, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता राजमहंत पीएल कोसरिया, वरिष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एसआर बंजारे, जिला के प्रभारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डमरू मनहर एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों होंगे। जिला सचिव रेखराज बघेल ने बताया कि जिला के 10 वीं,12 वीं के 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 130 व प्रयास, नवोदय तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा में चयनित होने वाले 25 प्रतिभावान छात्रों का सम्मान अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया

बुधिया बाई का निधन

महासमुंद। ग्राम पंचायत भिथीडीह



निवासी बुधिया बाई कन्नौजे 82 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे भगत, बिसाहू, बिशेसर, गणेश की मां एवं जितेंद्र, अमित व धर्मेंद्र कन्नौजे की दादी थीं।

महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के खिलाफ जारी घर-घर फॉर्म भरो अभियान को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक कांग्रेस भवन महासमुंद में हुई। यह बैठक जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बढ़ती बिजली दरों और स्मार्ट मीटर के विरोध में पहले से चल रहे घर-घर फॉर्म भरो अभियान की समीक्षा करना और इसे और अधिक आक्रामक व गतिशील बनाना था।

गति दोगुनी कर हर घर तक पहुंचे कार्यकर्ताः अशोक

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं महासमुंद जिला प्रभारी अशोक राज आहुजा ने अपने उद्बोधन में कहा, महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के खिलाफ हमारा यह अभियान पहले से ही जमीन पर मजबूती से चल रहा है। आज की यह बैठक इस अभियान को और अधिक धार देने के लिए बुलाई गई है। बिजली के भारी-भरकम बिलों से त्रस्त जनता का हमें अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। अब हमें अपनी गति दोगुनी करनी होगी। कार्यकर्ता जिले के एक भी घर को न छोड़ें, हर परिवार तक पहुंचकर फॉर्म भरवाएं और इस जनविरोधी नीति के खिलाफ आक्रोश को एक बड़े आंदोलन में बदल दें।

ब्लॉक और बूथ स्तर पर अभियान को बनाएं आक्रामकः द्वारिकाधीश

जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए कहा, महासमुंद जिले के हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने हमेशा हर संघर्ष को अपनी मेहनत से सफल बनाया है। यह अभियान पहले से ही प्रगति पर है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे ब्लॉक और बूथ स्तर पर और अधिक आक्रामक बनाएं। जनता भाजपा सरकार की लूट को समझ चुकी है। सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में दैनिक लक्ष्य तय करें और घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने के काम में तेजी लाएं।

पूर्व प्रभारी महामंत्री (पीसीसी) अमरजीत चावला ने कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हक की लड़ाई लड़ती आई है। हमारा यह फॉर्म भरवाने का अभियान जनता की आवाज बन चुका है। अब तक की प्रगति अच्छी है, लेकिन हमें इसे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए अपनी रणनीति को और चुस्त-दुरुस्त करना होगा। इस बैठक के बाद आप सभी नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतरें और सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर दें। सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने ग्रामीण अंचलों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा, ग्रामीण क्षेत्रों और गरीब परिवारों में बिजली के बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर भारी डर और नाराजगी है। हमारे इस अभियान को महिलाओं व ग्रामीणों का बड़ा समर्थन मिल रहा है। हमें इस गति को थमने नहीं देना है। हमारी महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी घर-घर जाकर बहनों से संवाद करें, फॉर्म भरवाएं और उन्हें भरोसा दिलाएं कि कांग्रेस उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित है।

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा, यह लड़ाई सिर्फ राजनीति की नहीं, बल्कि महासमुंद की जनता के जेब पर डाका डालने वालों के खिलाफ है। अभियान पहले से ही सक्रिय रूप से चालू है और लोग जागरूक हो चुके हैं। अब हमें इसे एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप देना है। सोशल मीडिया से लेकर धरातल तक, हर माध्यम का उपयोग कर फॉर्म भरने की प्रक्रिया को तेज करें ताकि सरकार तक जनता का कड़ा विरोध पहुंचे।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पदाधिकारी रहे मौजूदः बैठक में पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला प्रभारी महामंत्री हरदेव ढिल्लो, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, नरेंद्र दुबे, शहर महामंत्री निर्मल जैन, विजय बंजारे, समीम खान, लक्ष्मी देवांगन, देवेश शर्मा, सोनम बंसोड़ और भोलेनाथ गंधर्व सहित महासमुंद जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पिथौरा में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिथौरा में विकासखंड स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जनपद पंचायत परिसर से शुरू हुई बाइक तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया। हाथों में तिरंगा और जुबां पर भारत माता की जय के नारों के साथ निकली यात्रा से पिथौरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से होकर गुजरी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक शामिल हुए। हाथों में लहराते तिरंगे यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे। विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने पिथौरा में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को नई ऊर्जा दी है। वहीं जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि तिरंगा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का प्रतीक है और यात्रा में युवाओं व नागरिकों की सहभागिता राष्ट्रहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि तिरंगा यात्रा देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यात्रा में उमड़ी भीड़ 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जनभागीदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रदर्शित करती है।

यात्रा में जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि कैलाश अग्रवाल, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद अंबू पटेल, पुरुषोत्तम घृतलहरे, कंवलजीत छाबड़ा, नरेंद्र बोरे, जगदीश प्रधान, विमला बेहरा, विष्णु साहू, जतिन ठक्कर, विजय नायक, विजय राज पटेल, सुमित अग्रवाल, रविंदर आजमानी, मुन्नू पांडे, पुष्पराज गजेंद्र, सौरभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजा शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा, तहसीलदार मोहित अमिला, एसडीओपी अजीत ओगरे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं पत्रकार भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

बिरकोनी में निकाली तिरंगा यात्रा रैली

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्टैंडर्ड क्लब (भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण मानिकपुरी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शाला विकास समिति के सदस्यगण, जनपद महासमुंद के मितानिन, विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों नें उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, सीआर अग्रवाल, करुणा चंद्राकर, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, रंजीता दुबे, तारामती साहू, ऋचा पांडे, संत राम साहू, चित्रसेन साहू, राम प्रसाद मोहंती, मनहरण लाल भट्ट, वेद राम रात्रे, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेंद्र बिसेन, संध्या रानी, महेश कमार, दुलारी, गायत्री, सावित्री मौजूद रहे।

शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

महासमुंद। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 'हर घर तिरंगा', 'वंदे मातरम' एवं 'भारत विभाजन की विभीषिका-स्मरण दिवस' पर आधारित तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय के लोहिया चौक में किया गया है। प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल की मौजूदगी में बीटीआई रोड से लोहिया चौक तक मौन जुलूस निकाला गया तथा शहीदों और सेनानियों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड संघ इंद्रजीत सिंह गोल्डी, रेडक्रास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान, राष्ट्रीय ध्वज की गौरवगाथा, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा भारत के गौरवशाली इतिहास से संबंधित छायाचित्रों को आकर्षक एवं जानकारीपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही भारत विभाजन की विभीषिका से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों को भी छायाचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी में 'हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जा रहा है। वहीं वंदे मातरम की थीम के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को स्मरण किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 14 अगस्त 1947 में हुए अक्षुण्ण भारत देश के विभाजन के दंश को प्रदर्शित करती है, जिसे सम्पूर्ण देशवासियों ने झेला। विभाजन के साथ ही देश के अनेक हिस्सों में दंगे, हिंसा तथा वैमनस्यता फैल गई, जिसके परिणामस्वरूप पूरा देश नफरत की आग में झुलस गया। अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति से धार्मिक उन्माद संपूर्ण देश में फैल गया। छायाचित्रों के माध्यम से बेहतर ढंग से विस्थापितों की पीड़ा और दर्द को प्रदर्शित करने का बेहतर प्रयास किया गया है। प्रदर्शनी में 'हर घर तिरंगा एवं वंदे मातरम की थीम पर दर्शाए गए छायाचित्रों में बंगदर्शन पत्रिका के उपन्यास 'आनंद मठ' में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने पहली बार वंदे मातरम शब्द का इस्तेमाल किया, जो आजादी के संघर्ष के दौर से राष्ट्र की आवाज बन चुका है। इसी नारे की अगुवाई में आजादी के परवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी, जिनका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता।

भाजपा अब गांव, गरीब, किसान से वसूलेगी टैक्स : विनोद

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने केंद्र की मोदी सरकार पर पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने अब गांवों को भी वसूली का टोल प्लाजा बना दिया है। महासमुंद जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ की पंचायतों को केंद्र सरकार की ओर से फरमान भेज दिया गया है कि अब हर ग्रामीण परिवार से टैक्स के नाम पर वसूली शुरू की जाए। सालाना 1200 रुपए तक प्रकाश कर, सफाई कर और अन्य स्थानीय करों का बोझ सीधे गरीब, किसान और मजदूर के सिर पर डालने की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह फैसला बताता है कि भाजपा को गांव की मिट्टी से नहीं बल्कि गांव की जेब से मोहब्बत है।

चंद्राकर ने कहा कि पिछले 12 साल में इस सरकार ने किसान को सिर्फ नारे दिए। खाद महंगी कर दी, डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं, बीमा और मुआवजे के नाम पर खानापूर्ति होती है। मनरेगा का बजट घटा दिया गया। ग्रामीण सड़कों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए पैसा रोक दिया गया। अब सरकार कह रही है कि पंचायतें अपने पैरों पर खड़ी हों। पूर्व संसदीय सचिव ने सवाल किया कि पंचायतें अपने पैरों पर खड़ी कैसे होंगी। जब केंद्र ने उनकी कमर ही तोड़ दी। परफॉर्मेंस ग्रांट के नाम पर पंचायतों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अगर तुम जनता से पैसा नहीं निकालोगे तो हम विकास का पैसा नहीं देंगे। यह कैसी संघीय व्यवस्था है जिसमें केंद्र अपनी नाकामी छिपाने के लिए राज्यों और पंचायतों को जनता के सामने खलनायक बना रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि 1200 रुपए सालाना उस परिवार से कौन देगा, जिसके घर में महीने भर चूल्हा जलना मुश्किल है। क्या वह किसान देगा जिसकी फसल मंडी में औने-पौने दाम पर बिकती है। या वह विधवा देगी जिसकी पेंशन महीनों तक खाते में नहीं आती। या फिर वह आदिवासी देगा जिसके बच्चे अभी भी स्कूल में बस्ता और किताब के लिए तरस रहे हैं। यह टैक्स नहीं है, यह गरीब की थाली से निवाला छीनने की साजिश है। सरकार कहती है आत्मनिर्भर भारत, लेकिन आत्मनिर्भरता का मतलब अगर जनता की जेब काटना है, तो देश को ऐसी आत्मनिर्भरता नहीं चाहिए।

चंद्राकर ने आगे कहा कि मोदी सरकार को शर्म आनी चाहिए। शहरों में कॉरपोरेट को हजारों करोड़ की छूट दी जाती है, बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया जाता है और दूसरी तरफ गांव के गरीब से 100 रुपए महीना मांगा जा रहा है। यह दोहरा चरित्र अब जनता समझ चुकी है। गांव कोई राजस्व मशीन नहीं है। गांव इस देश की संस्कृति, अन्न और संस्कार है। उस पर टैक्स का हंटर चलाकर भाजपा देश की रीढ़ तोड़ने का प्रयास कर रही है। यह मोदी सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता का उदाहरण है। दिल्ली में बैठकर एसी कमरों में नीति बनाने वाले लोगों को गांव की तकलीफ का अंदाजा तक नहीं है। ये वही लोग हैं जो कॉर्पोरेट मित्रों का हजारों करोड़ का कर्ज माफ कर देते हैं, लेकिन किसान से 100 रुपए महीना मांगने में शर्म नहीं करते। ये वही लोग हैं जो चुनाव के समय ₹जय जवान जय किसान₹ का नारा लगाते हैं और सत्ता में आते ही किसान की कमर पर टैक्स का डंडा चला देते हैं।





खबर संक्षेप

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज विषय पर मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित स्टैंडर्ड क्लब द्वारा प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में एवं स्टैंडर्ड क्लब के मैंटर लक्ष्मण मानिकपुरी के निर्देशन में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज विषय पर मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 87 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा ग्यारहवीं से रागिनी कंवर, द्वितीय नवमी से रागिनी सोनवर्षा, तृतीय दसवीं से स्वाति सोनवानी एवं चतुर्थ कक्षा 12वीं से दीप्ति साहू रहीं। विजयी छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लिए हुए समस्त छात्रों को स्टैंडर्ड क्लब द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, रंजीता दुबे, तारामती साहू, ऋचा पांडे, संतराम साहू, राम प्रसाद मोहंती, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, सुरेश गुप्ता, वेद राम रात्रे, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेंद्र बिसेन, संध्या रानी, महेश कमार, दुलारी, गायत्री, सावित्री एवं बच्चे उपस्थित थे।

तिरंगा रैली, देशभक्ति गीतों से गूंजा परिसर

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्राम मचेवा में राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीत एवं भाषण भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक ईपी चेलक, प्रो. अजय कुमार राजा, रासेयो महिला इकाई प्रभारी राजेश्वरी सोनी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार लहरे, रासेयो पुरुष इकाई प्रभारी आशुतोष गोस्वामी, प्रोफेसर मनबोध चौहान, प्रो. जगदीश सत्यम, मुकेश साहू, वेद देवांगन, सौरभ साहू, कुंदन देवांगन और राकेश मौजूद रहे।

प्रेमबती यादव का निधन

महासमुंद। ग्राम खैरझिटी निवासी



प्रेमबती यादव (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम खैरझिटी में किया गया। वे भाजपा ग्रामीण मंडल के नेता नंदकुमार व नंदकिशोर यादव की मां थी।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन

युवाओं को जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर, रेडक्रॉस एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्व-अनुशासन का पालन एवं उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए अध्ययन के साथ-साथ वर्तमान की युवा जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की ओर उन्हें अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि उमेश भारती गोस्वामी प्रधान पाठक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा द्वारा अपने उदबोधन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रेरक प्रसंग द्वारा एकजुट होकर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज 14 अगस्त है। स्वतंत्रता दिवस की खुशी हम मनाएंगे, लेकिन आज का दिन हमें एक गहरे घाव की याद दिलाता है। भारत सरकार ने 2021 से इस दिन को ₹भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस₹ के रूप में घोषित किया है इसका उद्देश्य स्मरण है।

इतिहास का वह दिन

14-15 अगस्त 1947 की रात एक ओर आजादी का जश्न, दूसरी ओर देश के दो टुकड़े। भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ। लाखों परिवार एक रात में अपने देश से पराए देश के नागरिक बन गए। सीमाएं खींची गईं अनुमान है कि 10 से 20 लाख लोग इस हिंसा में मारे गए और लगभग 1.5 करोड़ लोग विस्थापित हुए। बुजुर्गों ने अपनी जन्मभूमि की मिट्टी अंतिम बार भी नहीं देखी। यह विभीषिका किसी एक समुदाय की नहीं थी। यह मानवता की हार थी। उन्होंने कहा कि हम अतीत में जीने के लिए याद नहीं करते। हम तीन कारणों से याद करते हैं श्रद्धांजलि उन अनगिनत लोगों को नमन जिन्होंने विभाजन का दर्द सहा, पर हिम्मत नहीं हारी। जिन्होंने शून्य से फिर जीवन शुरू किया। नफरत कितनी जल्दी भाई को भाई से अलग कर देती है। भाषा, क्षेत्र, धर्म के नाम पर बंटवारा कितना महंगा पड़ता है। संकल्प ₹पहले भारत₹ आज हम 140 करोड़ लोग एक हैं। हमारी विविधता ही हमारी ताकत है। विभाजन हमें सिखाता है कि एकता को हर कीमत पर बचाना है। हम में से अधिकांश ने वो दिन नहीं देखा। लेकिन उनकी कहानियां हमारी जिम्मेदारी हैं। हमें अपने पड़ोसी, अपने सहपाठी, अपने सहकर्मी को पहले इंसान और फिर भारतीय मानना है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले यह स्मृति दिवस हमें याद दिलाता है कि आजादी मुफ्त में नहीं मिली। देशभक्तो ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई। कार्यक्रम महाविद्यालय परिवार के डॉ मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, आशुतोष पुरी गोस्वामी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, दिलीप लहरे क्रीडा अधिकारी की संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई ने किया।

कॉलेज में एनएसएस उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएल पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी मकरध्वज राणा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श व्यक्तित्व स्वामी विवेकानंद के पूजन-अर्चन से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता हिन्दी के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकित भोई ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए इससे जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने समाज कल्याण में इसकी बहुआयामी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राणिशास्त्र की सहायक प्राध्यापिका सपना भोई ने अपना शिविर अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के दैनिक दिनचर्या पर प्रकाश डाला और प्रतीक चिह्न के विविध अर्थों पर विद्यार्थियों से महत्वपूर्ण चर्चा की। प्राचार्य डॉ. पटेल ने विद्यार्थियों को एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरुकता, शिक्षा एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल सेवा कार्यों का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समाज एवं राष्ट्रहित में सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। अंत में सभी नव प्रवेशित स्वयंसेवकों को डायरी और बैच का वितरण किया गया।

शहीद ललित बुढ़ेक के परिवार से भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने की भेंट



सरायपाली। भाजपा युवा मोर्चा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वार्ड क्रमांक 5 पतेरापाली स्थित शहीद ललित बुढ़ेक के निवास पहुंचकर उनके परिवारजनों से सौजन्य भेंट एवं मुलाकात की। इस दौरान शहीद परिवार के प्रति सम्मान एवं संवेदना व्यक्त करते हुए उनके बड़े भाई को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल के अध्यक्ष शिवा जायसवाल, महामंत्री अमित प्रधान, योगेश जायसवाल, कान्हा साहू, बिट्टू प्रधान, धनी साहू सहित युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने शहीद ललित बुढ़ेक के परिवार से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा शहीद के योगदान एवं बलिदान को नमन किया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा तथा उनके परिवार के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना हमेशा बनी रहेगी।

महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने छत्तीसगढ़ी परिधान में की हरेली पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के प्रथम तिहार हरेली का पर्व पूरे प्रदेश में उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इसी क्रम में जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान में हरेली तिहार मनाते हुए गौ माता एवं कृषि औजारों की विधिवत पूजा-अर्चना की।

हरेली के पावन अवसर पर हुलसी ने कृषि कार्य में उपयोग होने वाले पारंपरिक औजार नागर, हंसिया, कुदारी, रापा सहित अन्य कृषि उपकरणों की पूजा कर क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने गौ माता को चारा खिलाकर प्रदेश की कृषि संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोक परंपरा और कृषि जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें अपनी मिट्टी, खेती-किसानी, पशुधन और प्रकृति के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता



